कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

E-mail :nodalofficerddn@gmail.com Phone/ Fax: 0135-2767611

पत्रांक– 1076 /FP/UK/ROAD/40975/2019 :देहरादून:दिनांकः 19 अक्टूबर, 2022

सेवा में,

वन संरक्षक,
भागीरथी वृत्त,
उत्तराखण्ड, मुनिकीरेती।

विषयः–जनपद–उत्तरकाशी में विकासखण्ड चिन्यालीसौड़ के अन्तर्गत चिन्यालीसौड–जोगथ मोटर मार्ग से पुरारगांव मडेश्वर मंदिर तक मोटर मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः–भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून का EDS दिनांक 28–12–2021 एवं आपकी पत्र संख्या–656/12–1 दिनांक 01–10–2022

महोदय,

भारत सरकार के उपरोक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा 04 बिन्दुओं पर सूचना/आख्या चाही गयी थी। उक्त के अनुपालन में आपके द्वारा अख्या इस कार्यालय को प्रेषित की गयी है। आपके द्वारा प्रेषित आख्या भारत सरकार द्वारा चाही गयी सूचना के अनुरूप नहीं है। अतः निम्न प्रकार पूर्ण आख्या ऑनलाईन अपलोड कर इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें :–

1– **बिन्दु संख्या–3** के अनुपालन में वांछित सूचना का पूर्णतः निराकरण नहीं किया गया है। अतः उक्त बिन्दु का पूर्ण निराकरण कर सूचना ऑनलाईन अपलोड कराने का कष्ट करें।

2– **बिन्दु संख्या–4** के कम में अवगत कराना है कि उक्त बिन्दु का पूर्णता निराकरण नहीं किया गया है। Alternative का उचित परीक्षण कर पूर्ण जानकारी प्रेषित करने का कष्ट करें।

अतः उपरोक्तानुसार वांछित बिन्दुओं का पूर्णतः निराकरण कर अपनी पूर्ण संस्तुष्टि के उपरान्त ही इस कार्यालय को ऑनलाईन अपलोड कर हार्ड प्रति में इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथापरि।

भवदीय,

19/10/22

(एस0एस0 रसाईली)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, देहरादून।

संख्या / FP/UK/ROAD/40975/2019 दिनांकित।

प्रतिलिपि :– प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी को भारत सरकार उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के क्रम में इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तानुसार बिन्दुओं की वांछित सूचना का पूर्ण निराकरण कर सम्बन्धित वन संरक्षक के माध्यम से इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि पूर्ण सूचना भारत सरकार को प्रेषित की जा सके।

(एस0एस0 रसाईली)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, देहरादून।